हरिभूमि

# रोहतक भूमि

रोहतक, शनिवार 31 जनवरी 2026

तापमान

अधिकतम 23 .8 डिग्री

न्यूनतम 5 .2 डिग्री

11 मिशन बुनियाद चरण-2 : 548 ने दी परीक्षा विद्यार्थी



12 राजीव गांधी स्टेडियम से वीटा चौक तक सड़क बदहाल



**पर्दाफाश** *जलेबी चौक के पास पुल के नीचे से भारी मात्रा में असलाह के साथ दो बदमाश पकड़े, अपराधियों के पास ऐसे खतरनाक हथियार मिले कि एक ट्रिगर पर खाली हो जाती है पूरी मैगजीन, हरियाणा में सक्रिय कुख्यात और बड़े गैंग को सप्लाई किए जाने थे हथियार, रोहतक और आसपास के जिलों को भी बनाया जा सकता था निशाना*

# जिले में होने वाली थी बड़ी वारदात बड़े गैंग के शामिल होने का शक

- *ऐसे अत्याधुनिक हथियारों का प्रयोग करते हैं बड़े गैंग शहर की सुरक्षा पर सवाल*
- *13 पिस्टल और 2 देसी कट्टे, इसके साथ ही 34 जिंदा कारतूस भी बरामद*
- *जांच की जा रही है कि अब तक कितनी बार हो चुकी हथियारों की सप्लाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

पुलिस ने जिले में होने वाली एक बड़ी आपराधिक वारदात को समय रहते नाकाम कर दिया है। कार्रवाई के दौरान ऐसे अत्याधुनिक हथियार बरामद किए गए हैं, जिनका इस्तेमाल किसी भी बड़े गैंग द्वारा किए जाने पर शहर की कानून-व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता था। बरामद हथियारों की खास बात यह है कि एक ही ट्रिगर दबाने पर पूरी मैगजीन खाली हो जाती है, जिससे इनकी मारक क्षमता का अंदाजा लगाया जा सकता है। एसपी सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि इन हथियारों का संबंध हरियाणा के सक्रिय और कुख्यात गैंगों से होने की संभावना जताई जा रही है। यदि ये हथियार अपराधियों तक पहुंच जाते, तो रोहतक ही नहीं बल्कि आसपास के जिलों में भी दहशत फैल सकती थी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि हथियारों की सप्लाई एक संगठित नेटवर्क के जरिए की जा रही थी। पुलिस ने पूरे नेटवर्क को खंगालने के लिए जांच तेज कर दी है और जल्द बड़े खुलासे की संभावना जताई जा रही है। बदमाशों को जलेबी चौक के पास पुल के नीचे से गिरफ्तारी किया गया है।



### गैंगस्टर नेटवर्क पर पुलिस की पैनी नजर

अवैध हथियारों की तस्करी और गैंगस्टर नेटवर्क पर पुलिस की कड़ी नजर है। ऐसे मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। आने वाले समय में इस नेटवर्क से जुड़े और लोगों की गिरफ्तारी भी संभव है। पुलिस ने आम जनता से भी अपील की है कि यदि किसी को अवैध हथियार या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिले, तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। *-सुरेंद्र भौरिया, एसपी*

### हथियार कहां से आए, जांच जारी

फिलहाल पुलिस आरोपियों से यह पता लगाने में जुटी है कि ये हथियार कहां से लाए गए थे और किस नेटवर्क के जरिए इन्हें यहां तक पहुंचाया गया। दोनों बदमाशों से 13 पिस्टल और 2 देसी कट्टे, इसके साथ ही 34 जिंदा कारतूस बरामद किए। पुलिस का कहना है कि दोनों आरोपी युवा हैं, लेकिन उनके खिलाफ पहले भी आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### हथियारों की खासियत

- हथियारों में अत्याधुनिक पिस्टल शामिल हैं
- इनमें से एक हथियार की कीमत करीब 10 लाख रुपये बताई जा रही है
- हथियारों की खास बात यह है कि एक बार लोड करने के बाद दोबारा लोड की जरूरत नहीं
- एक ही बार में मैगजीन खाली करने की क्षमता
- इन हथियारों की काफी मांग मानी जाती है

### कुरुक्षेत्र और पानीपत के रहने वाले हैं आरोपी

पकड़े गए आरोपियों की पहचान कुरुक्षेत्र के शाहबाद क्षेत्र निवासी रमन और पानीपत निवासी रविंद्र के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपी विदेश में बैठे एक गैंगस्टर के लिए काम करते थे और उसके कहने पर अलग-अलग जगह हथियारों की सप्लाई का काम करते थे। एसपी ने बताया कि दोनों आरोपी बाइक पर रोहतक की एक एक्टिव गैंग के गुर्गों को हथियार देने आए थे। इन हथियारों का इस्तेमाल गंभीर आपराधिक घटनाओं में किया जा सकता था।

### सोशल मीडिया के जरिए गैंगस्टर के संपर्क में आए

एसपी सुरेंद्र भौरिया ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि दोनों आरोपी सोशल मीडिया के माध्यम से विदेश में बैठे गैंगस्टर के संपर्क में आए थे। इसके बाद उन्हें हथियार सप्लाई का काम सौंपा गया। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि सोशल मीडिया के किन प्लेटफॉर्म्स के जरिए यह संपर्क हुआ और क्या इसमें कोई और लोग भी शामिल हैं।

**बढ़ी चिंता** *रोहतक तक इस तरह के हथियारों का पहुंचना सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय माना जा रहा है। ये पिस्टल अत्याधुनिक श्रेणी की हैं, जिनका इस्तेमाल आमतौर पर पेशेवर शूटर और संगठित अपराधी करते हैं*

# इधर, पाक से आई 4 चाइनीज पिस्टल, नंदू गैंग के दो गुर्गे धरे

- *ड्रोन के जरिए हथियार भारतीय सीमा में गिराए गए थे*
- *दोनों युवक रोहतक के रहने वाले हैं अब एसटीएफ की हिरासत में*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा स्पेशल टास्क फोर्स ने अवैध हथियार तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए रोहतक के बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र से दो युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 4 चाइनीज पिस्टल बरामद की गई हैं, जो चीन में निर्मित बताई जा रही हैं। जांच में सामने आया है कि ये हथियार पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारतीय सीमा में गिराए गए थे और इन्हें कुख्यात नंदू गैंग तक पहुंचाया जाना था। पुलिस को आशंका है कि इन हथियारों का इस्तेमाल किसी बड़ी आपराधिक वारदात में किया जाना था। एसटीएफ को सूचना मिली थी कि बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र में कुछ युवक अवैध हथियारों के साथ घूम रहे हैं। एसटीएफ टीम ने इलाके में दबिश दी और संदिग्धों को घेराबंदी कर काबू कर लिया। तलाशी के दौरान पुलिस को चार अत्याधुनिक पिस्टल मिलीं, जिन्हें तुरंत जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गांव करौंथा निवासी रवि और गांव गद्दी खेड़ी निवासी आशु के रूप में हुई है। दोनों युवक रोहतक जिले के रहने वाले हैं और फिलहाल एसटीएफ की हिरासत में हैं।

### सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय माना जा रहा है

बरामद हथियार चीन में बनाए गए हैं और इन्हें पाकिस्तान के रास्ते ड्रोन के माध्यम से भारत में पहुंचाया गया। ड्रोन के जरिए हथियार गिराने की घटनाएं पहले भी सामने आ चुकी हैं, लेकिन हरियाणा के अंदरूनी क्षेत्र रोहतक तक इस तरह के हथियारों का पहुंचना सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय माना जा रहा है। ये पिस्टल अत्याधुनिक श्रेणी की हैं, जिनका इस्तेमाल आमतौर पर पेशेवर शूटर और संगठित अपराधी करते हैं।

### बरामद हथियारों की खास बातें

- सभी पिस्टल चीन में निर्मित
- अत्याधुनिक और हाई-प्रिसिजन कैटेगरी के हथियार
- ड्रोन के जरिए पाकिस्तान से भारत में की गई सप्लाई
- गैंगस्टरों और पेशेवर शूटरों में ज्यादा मांग
- बड़ी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की क्षमता

### गैंगस्टर नेटवर्क पर लगातार नजर

एसटीएफ अधिकारियों का कहना है कि समय रहते की गई इस कार्रवाई से किसी बड़ी आपराधिक घटना को रोका जा सका है। अवैध हथियार तस्करी और गैंगस्टर नेटवर्क पर लगातार नजर रखी जा रही है और आगे भी ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### नंदू गैंग का नाम कई मामलों में आ चुका

पकड़े गए आरोपियों के कुख्यात नंदू गैंग से संबंध सामने आ रहे हैं। नंदू गैंग का नाम पहले भी कई संगीन मामलों में सामने आ चुका है। विशेष रूप से बहादुरगढ़ में इनेलो के दिवंगत प्रदेशाध्यक्ष और पूर्व विधायक नफे सिंह राठी हत्याकांड में इस गैंग का नाम जुड़ चुका है।

### पंजाब के रास्ते हरियाणा तक पहुंचता है असलहा

ड्रोन के जरिए भारत में गिराए गए हथियार पहले पंजाब के सीमावर्ती इलाकों में पहुंचते हैं। वहां से हरियाणा सहित अन्य राज्यों में गैंगस्टरों और शूटरों तक सप्लाई किया जाता है। ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल कर बॉर्डर पार कराना और फिर लोकल संपर्कों के जरिए डिलीवरी कराना हथियार तस्करी का नया तरीका बनता जा रहा है।

### पूछताछ में हो सकते हैं बड़े खुलासे

एसटीएफ दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है। पुलिस यह जानने का प्रयास कर रही है कि हथियार किसके कहने पर लाए गए, किस जगह डिलीवरी होनी थी और इसमें और कौन-कौन लोग शामिल हैं। अधिकारियों का कहना है कि पूछताछ के आधार पर आने वाले समय में इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी संभव है।

**मकान से चोरी मामले में खुलासा**

# आरोपी दबोचा, चोरी का सामान बरामद

**रोहतक।** पुलिस ने निर्माणाधीन मकान से हुई चोरी की वारदात का सफलतापूर्वक खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सेक्टर-4 एक्सटेंशन निवासी जसबीर ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। जसबीर के निर्माणाधीन मकान से 3 और 4 जनवरी की रात अज्ञात चोर एसी की पाइप, बिजली के तार और अन्य कीमती निर्माण सामग्री चोरी कर ले गए थे। सुबह मकान पर पहुंचने पर चोरी का पता चला, जिसके बाद पीड़ित ने पुलिस को सूचना दी थी । पकड़े गए आरोपी के पास से चोरी का सामान बरामद कर लिया गया।

### राहुल का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड सामने आया

पुलिस ने 28 जनवरी को कार्रवाई करते हुए आरोपी राहुल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान कबीर कॉलोनी निवासी के रूप में हुई है, जो फिलहाल फतेहपुरी कॉलोनी में रह रहा था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने चोरी की वारदात में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस के अनुसार आरोपी राहुल का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी सामने आया है। उसके खिलाफ रोहतक जिले में चोरी सहित अन्य धाराओं के तहत दो मामले पहले से दर्ज हैं। आरोपी किसी संगठित गिरोह का हिस्सा तो नहीं है और क्या उसने अन्य निर्माणाधीन मकानों में भी चोरी की घटनाएं की हैं।

### पाडा मोहल्ला : सावन की हत्या में शामिल पांचवां आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** पाडा मोहल्ला में युवक सावन की चाकू से वार कर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने एक और बड़ी सफलता हासिल की है। रोहतक पुलिस की टीम ने वारदात में शामिल रहे पांचवें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी चिराग उर्फ कालू पुत्र संजय , निवासी पाडा मोहल्ला, रोहतक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस पहले ही इस मामले में एक नाबालिग सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से आगे की कानूनी प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### निदेशक आईक्यूएसी को नीव पोर्टल का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने निदेशक, आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) को राष्ट्रीय शिक्षा मूल्यांकन एवं प्रमाणीकरण (नीव) पोर्टल के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। यह दायित्व तत्काल प्रभाव से वर्तमान दायित्वों के साथ अतिरिक्त कार्यभार के तौर पर सौंपा गया है।



## चिकित्सकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने शहीदों की याद में दो मिनट मौन धारण कर स्वतंत्रता सैनानियों के बलिदान को किया नमन

# जिलेभर में सत्य और अहिंसा के पुजारी को दी सच्ची श्रद्धांजलि

### स्वतंत्रता संग्राम में बलिदान देने वाले महापुरूषों की बदौलत खुले में सांस ले रहा प्रत्येक भारतवासी

### पीजीआईएमएस में शहीदों के बलिदान को नमन



रोहतक। शहीदों को श्रद्धांजलि देते कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल व अन्य स्टाफ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय में शुक्रवार को भारत के स्वतंत्रता संग्राम में जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया था उन शहीदों की स्मृति में 2 मिनट का मौन धारण किया गया। इस अवसर पर कुलपति कार्यालय, निदेशक कार्यालय, पोस्ट ग्रैजुएट इंस्टीट्यूट आफ डेंटल साइंसेज, नर्सिंग कॉलेज, फिजियोथैरेपी कॉलेज, फार्मेसी कॉलेज, लेक्चर थियेटर 5 सहित कई स्थानों पर चिकित्सकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने शहीदों की याद में 2 मिनट का मौन धारण किया। कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने कहा कि भारत की स्वतंत्रता के लिए अपने जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों को हमारा नमन है। उन्होंने कहा कि इन शहीदों के बलिदान के बिना हमारा देश स्वतंत्र नहीं हो पाता। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि हम शहीदों के सपनों को पूरा करने के लिए अपने जीवन को समर्पित करें। डॉ अग्रवाल ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते डॉ. संजय गुप्ता,प्रोफेसर व अन्य विद्यार्थी।

### गांधी का जीवन सत्य-अहिंसा के मूल्यों पर आधारितः डॉ. फूल सिंह

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की नृशंस हत्या कर दी गई थी। यह दिवस देशभर में सत्य, अहिंसा और बलिदान के प्रतीक के रूप में स्मरण किया जाता है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह ने अपने संबोधन में महात्मा गांधी के जीवन-दर्शन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी का संपूर्ण जीवन सत्य, अहिंसा, त्याग और मानवता के मूल्यों पर आधारित था। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे गांधी जी के विचारों को केवल पुस्तकों तक सीमित न रखें, बल्कि उन्हें अपने दैनिक जीवन और आचरण में उतारें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। उपस्थित सभी जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके आदर्शों को नमन किया।



**रोहतक।** महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करते विभागाध्यक्ष डॉ. सेवा सिंह दहिया,डॉ. सतबीर सिंह चाहर, डॉ. जगबीर नरवाल, डॉ. समुंद्र, डॉ. सुमनलता व अन्य प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

## एमडीयू में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार को महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन करने के साथ हुई। विभाग के सभी प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्रपिता के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन धारण कर महात्मा गांधी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विभागाध्यक्ष डॉ. सेवा सिंह दहिया ने कहा कि महात्मा गांधी द्वारा प्रतिपादित सत्य, अहिंसा और नैतिक मूल्यों की आज के सामाजिक और प्रशासनिक परिप्रेक्ष्य में विशेष प्रासंगिकता है। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे गांधीजी के आदर्शों को अपने आचरण और जीवन में अपनाकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में सकारात्मक भूमिका निभाएं। इस अवसर पर डॉ. सतबीर सिंह चाहर, डॉ. जगबीर नरवाल, डॉ. समुंद्र, डॉ. सुमनलता सहित विभाग के सभी प्राध्यापक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं गैर-शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित रहे।



**रोहतक।** बापू पार्क में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते कांग्रेसी।

## राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने किया नमन

### कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष ने अर्पित की श्रद्धांजलि

सत्य, अहिंसा और भाईचारे के आदर्शों व उच्च नैतिक मूल्यों के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि बापू पार्क में कांग्रेसियों ने बापू के बलिदान को याद किया। कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के विचार और उनका जीवन आज भी समाज के लिए पथ-प्रदर्शक हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक

सत्य, अहिंसा और भाईचारे के आदर्शों व उच्च नैतिक मूल्यों के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्थानीय बापू पार्क में कांग्रेस की ओर से श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें कोटि-कोटि नमन किया गया। कांग्रेस शहरी अध्यक्ष कुलदीप (केडी) एवं कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष बलवान रंगा ने बापू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि महात्मा गांधी के विचार और उनका जीवन आज भी समाज के लिए पथ-प्रदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि बापू के आदर्शों को आत्मसात कर सच्चाई, अहिंसा और भाईचारे के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ते रहना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर अमरनाथ अरोड़ा, बलराज सिंह, कदमसिंह अहलावत, सत्यवान चहल, पंकज सचदेवा, बलजीत राणा, चरणजीत शर्मा, विकास गोयल, अनुराग परवाना, परीक्षित दुग्गल, संगीता सहरावत व राजेंद्र दहिया मौजूद रहे।



रोहतक। मतदाता जागरूकता पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ करते मुख्य अतिथि आईटीआई प्राचार्य इंद्र सिंह सैनी। *फोटो : हरिभूमि*

### आईटीआई महम में दिलाई मतदान की शपथ

**रोहतक।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के आह्वान पर शुक्रवार को महम स्थित आईटीआई परिसर में मतदाता जागरूकता पदयात्रा एवं शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका आयोजन जिला शिक्षण संस्थान प्रमुख पवन राठी के नेतृत्व में किया गया। नेहरू युवा केंद्र से जिला युवा अधिकारी हरप्रीत ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करना और उन्हें अपने मताधिकार की जिम्मेदारी का एहसास कराना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आईटीआई प्राचार्य इंद्र सिंह सैनी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अजीत अहलावत, पूर्व मंडल अध्यक्ष, पार्षद विकास श्योराण, वजैंती तथा राजेश उपस्थित रहे। मतदाता जागरूकता पदयात्रा का शुभारंभ मुख्य अतिथि इंद्र सिंह सैनी एवं अजीत अहलावत ने हरी झंडी दिखाकर किया। पदयात्रा में लगभग 500 युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संविधान को हाथ में लेकर विकास श्योराण ने यात्रा की अगुवाई की।

## डीसी ने की जनसमस्याओं के निपटान की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶। रोहतक





रोहतक। सीएम विंडो, जन संवाद, सीपीग्राम्स, एसएमजीटी तथा समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के निपटारे की व्यापक समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता। *फोटो : हरिभूमि*

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को सीएम विंडो, जन संवाद, सीपीग्राम्स, एसएमजीटी तथा समाधान शिविरों के माध्यम से प्राप्त जन शिकायतों के निपटारे की व्यापक समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को निर्देश दिए कि प्रत्येक लंबित शिकायत का समयबद्ध, तथ्यात्मक एवं त्रुटिरहित निपटान सुनिश्चित किया जाए। सचिन गुप्ता ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान कहा कि गत 16 से 29 जनवरी के बीच जिला का समग्र सीएम विंडो स्कोर 69.56 से बढ़कर 70.19 हो गया है, जो शिकायत निवारण की दिशा में प्रगति को दर्शाता है। सचिन गुप्ता ने जन संवाद, सीपीग्राम्स एवं एसएमजीटी पोर्टलों पर लंबित मामलों, नव-पंजीकृत शिकायतों एवं स्थगित प्रकरणों की भी पोर्टल-वार समीक्षा की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा का सख्ती से पालन करने, अनावश्यक देरी से बचने तथा साप्ताहिक निगरानी हेतु नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने नागरिक-केंद्रित शासन के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता दोहराते हुए स्पष्ट किया कि जन शिकायत निवारण सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर समाधान शिविर में नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मंजीत सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, मुख्यमंत्री के सुशासन सहयोगी तनुमय दत्ता, सिंचाई विभाग के कार्यकारी अभियंता राजेश भारद्वाज आदि रहे।

### निपटान की गति में तेजी लाने के निर्देश

डीसी ने इस सुधार की सराहना करते हुए कहा कि जिला की समग्र रैंकिंग को और बेहतर बनाने के लिए निपटान की गति में और तेजी लाना आवश्यक है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि पोर्टल प्रदर्शन की निरंतर निगरानी सुनिश्चित की जाए, ताकि रोहतक जिला शिकायत निपटान दर एवं सेवा वितरण संकेतकों में निरंतर सुधार करता रहे। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बैठक में राजस्व, नगर निकाय, पंचायत, सिंचाई, जन स्वास्थ्य, पुलिस सहित विभिन्न विभागों में लंबित व अतिदेय शिकायतों की विभागवार विस्तृत समीक्षा की।



**रोहतक।** समारोह में शपथ ग्रहण करवाते मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सविता सिंघल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर,डीन कम प्रिंसिपल प्रो. सुनीता कुमारी व नर्सिंग सुपरिटेंडेंट सुदेश कुमारी। *फोटो : हरिभूमि*

### कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शपथ ग्रहण समारोह

**रोहतक।** पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में शुक्रवार सुबह 11 बजे शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष, एमएससी नर्सिंग प्रथम वर्ष तथा एनपीसीसी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को नर्सिंग पेशे की शपथ दिलाई गई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सविता सिंघल, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, यूएचएस रोहतक उपस्थित रहीं। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नर्सिंग एक ऐसा पेशा है, जिसमें सेवा, करुणा और समर्पण की भावना सर्वोपरि होती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने पेशे के प्रति जिम्मेदार, ईमानदार और संवेदनशील बने रहने की प्रेरणा दी। डॉ. सविता सिंघल ने कहा कि नर्सिंग शिक्षा का उद्देश्य समाज को उच्च कोटि की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में कार्य करते हुए आर्थिक सुरक्षा के साथ-साथ मानवता की सेवा करने का सौभाग्य भी मिलता है।

## मनोरंजन

## ‘शतक’ का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म ‘शतक’ का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही





संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत ‘भगवा है अपनी पहचान’ लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

## रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- ‘क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।’ दरअसल, ‘यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।’ आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, ‘वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने’, फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, ‘अब तक की सबसे प्यारी घोषणा’, एक फैन ने लिखा, ‘आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है’, दूसरे फैन ने लिखा, ‘यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।’ बता दें कि आलिया भट्ट ‘लव एंड वॉर’ में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

## मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म ‘दृश्यम 3’ को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।’

श्रिया ने कहा ‘मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।’ बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म ‘इष्टम’ से डेब्यू किया। वह ‘छत्रपति’, ‘शिवाजी’, ‘पोक्किरी राजा’ और ‘मनम’ जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर ‘दृश्यम’ फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज ‘स्पेस जेनः चंद्रयान’ में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में ‘दृश्यम 3’ में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

## टीवी मसाला

### जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को




दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं। जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, “फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है।

## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो ‘मर्दानी 3’

## रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

**मुंबई ।** अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की ‘मर्दानी 3’ आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है। इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।





### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*‘मर्दानी’ की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद ‘अम्मा’ के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है? फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है।

## खबर संक्षेप

### गुरु रविदास जयंती पर एमडीयू में विचार गोष्ठी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में मिशन इक्वैलिटी स्टूडेंट्स ऑर्गनाइजेशन (मीसो) द्वारा गुरु रविदास जयंती के अवसर पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम में संगठन के प्रेसिडेंट जोगिंदर चौधरी ने गुरु रविदास महाराज की 'बेगमपुरा' की समानतामूलक कल्पना पर अपने विचार रखे। गोष्ठी में यूजीसी रेगुलेशन 2026 पर भी चर्चा हुई।

### गुरु रविदास के जन्मोत्सव पर समारोह आज

**रोहतक।** संत शिरोमणि गुरु रविदास महासभा के तत्वावधान में संत शिरोमणि गुरु रविदास के 649वें जन्मोत्सव पर शनिवार को भव्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी सुरेंद्र सिंह भोरिया (आईपीएस), पुलिस अधीक्षक होंगे, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में कृष्ण कलानौर, प्रसिद्ध समाजसेवी उपस्थित रहेंगे। विशेष अतिथियों में रोहतास तंवर व के. बलवंत सिंह भोरिया शामिल होंगे।

### लाखनमाजरा में गुरु रविदास जयंती 1 को

**रोहतक।** संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर कमेटी लाखन माजरा की ओर से स्थानीय मंदिर में गुरु रविदास महाराज की जयंती 1 फरवरी को मनाई जाएगी। यह जानकारी कार्यक्रम के आयोजक व कमेटी के वरिष्ठ सदस्य, हरियाणा पुलिस के सेवानिवृत्त उपनिरीक्षक तसवीर सिंह चौहान ने दी। उन्होंने बताया कि जयंती से पूर्व 31 जनवरी को जागरण होगा, जिसमें मुख्य कलाकार अन्नु हरियाणवी व ऋषिकेश चौहान गुगाहेड़ी अपनी टीम के साथ गुणगान करेंगे।

### उपायुक्त ने मौन रखकर शहीदों का स्मरण किया

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता की अध्यक्षता में शुक्रवार को अधिकारियों ने लघु सचिवालय में भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। गुप्ता ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों की याद में 30 जनवरी के दिन मौन धारण करके उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। हम सब देश के शहीदों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, जिन्होंने देश के लिए बलिदान दिया।

## जिले के तीन परीक्षा केंद्रों में सफलतापूर्वक आयोजित हुई परीक्षा



रोहतक। मिशन बुनियाद की परीक्षा में चेंकिंग करती प्राचार्य अरुणा नांदल व अध्यापक नीनू कौशिक।

# मिशन बुनियाद चरण-2 : 548 ने दी परीक्षा
# विद्यार्थी बोले-एक्स और वाई मान में उलझे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

मिशन बुनियाद प्रवेश परीक्षा चरण-2 की परीक्षा जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की। इसमें 548 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चरण-1 परीक्षा में 610 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया था जिनमें से 548 विद्यार्थियों ने तीसरे चरण में प्रवेश करने के लिए परीक्षा दी। परीक्षा देकर लौटे विद्यार्थियों ने कहा कि 50 अंकों की परीक्षा में एक्स के सवालों ने उलझन में डाला। जिले के रोहतक में भिवानी रोड राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हिसार रोड राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हिसार व सांपला स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सांपला के परीक्षा केंद्रों पर चरण दो की परीक्षा हुई। परीक्षा में कुल 10 प्रश्न पूछे गए जिनमें प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का था। भिवानी रोड राजकीय विद्यालय में 259 में से 233 विद्यार्थी उपस्थित रहे। हिसार रोड राजकीय कन्या विद्यालय में 259 में से 234 विद्यार्थी उपस्थित रहे व सांपला स्थित राजकीय विद्यालय में 92 विद्यार्थियों में से 81 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**थोड़ा मुश्किल था पेपर**



चरण दो की परीक्षा थोड़ी मुश्किल रही है,लेकिन मुझे प्रश्न पत्र के लगभग सभी प्रश्न आते थे जिनको बिना किसी समस्या के पूरा किया। - योगेश, छात्र।

**पास होने की आस**



पेपर आसान था। एक्स के सवालों ने उलझन में डाला, लेकिन बाद में प्रश्न हल हो गए। मुझे विश्वास है कि तीसरे चरण में पास हो जाउंगी। - गौरव, छात्र

**पांच मिनट पहले हुआ पेपर**



एक्स व वाई के मान ने उलझन में डाला। पेपर ओवरऑल अच्छा हुआ। मिशन बुनियाद दूसरे चरण की परीक्षा दी है। पेपर समय से पांच मिनट पहले पूरा हो गया था। - वीर, छात्र।

## रणजी ट्रॉफी एलीट: बंगाल ने दूसरे दिन तीन विकेट पर 155 रन बनाए

# हरियाणा की टीम पहली पारी में महज 100 रन पर सिमटी

- हरियाणा की ओर से अमित ने चार, तंमय ने तीन व अमन ने दो विकेट लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

चौधरी बंसीलाल स्टेडियम में हरियाणा व बंगाल के बीच खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी एलीट के मैच का शुक्रवार को दूसरा दिन रहा। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक बंगाल ने दूसरी में पारी में तीन विकेट पर 155 रन बनाए व 248 रन की लीड ली। बंगाल की ओर से अभिमन्यू 61 व राहुल 9 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए है। हरियाणा की ओर से अबतक रोहतक के अमित ने 6 व तंमय ने तीन विकेट लिए है।

दूसरे दिन बंगाल की टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर 168 रन से आगे खेलना शुरू किया। टीम आगे कुछ खास नहीं कर पाई व पूरी टीम 193 रन पर ऑलआउट हो गई। हरियाणा की ओर से अमित ने चार, तंमय ने तीन व अमन ने दो विकेट लिए। हरियाणा ने पहली पारी शुरूआत और पारी का अंत भी जल्द ही हो गया। हरियाणा की ओर से कोई भी बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सका व केवल 100 रन के स्कोर पर पूरी टीम ऑलआउट हो गई। हरियाणा की ओर से युवराज ने सबसे ज्यादा 29 रन बनाए। बंगाल की ओर से आकाश दीप व शाहबाज अहमद ने पांच विकेट लिए। बंगाल की दूसरी पारी में शुरूआत अच्छी नहीं महज 13 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवा दिया। इसके बाद अभिमन्यू व सुदीप के बीच शानदार 109 रन की साझेदारी की। दूसरे दिन का खेल खत्म होने पर बंगाल ने तीन विकेट के नुकसान पर 155 रन बना लिए थे।



रोहतक। विकेट लेने के बाद खुशी मनाते खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### एमडीयू में खेल प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न अंतरमहाविद्यालय खेल प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। खेल निदेशक डॉ. शकुंतला बेनीवाल ने बताया कि स्क्वैश (पुरुष), कबड्डी सर्कल स्टाइल (पुरुष एवं महिला), नेटबॉल (पुरुष), वुशु (पुरुष एवं महिला) तथा रग्बी (पुरुष एवं महिला) की इंटर-कॉलेज प्रतियोगिताएं फरवरी माह में आयोजित की जाएंगी। खेल निदेशक ने बताया कि स्क्वैश (पुरुष) प्रतियोगिता 11 फरवरी को आयोजित होगी, जबकि कबड्डी सर्कल स्टाइल (पुरुष) की प्रतियोगिता 17 फरवरी तथा कबड्डी सर्कल स्टाइल (महिला) की प्रतियोगिता 18 फरवरी को होगी। इसी प्रकार नेटबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता 24 व 25 फरवरी 2026 को आयोजित की जाएगी। वहीं वुशु (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 10 फरवरी 2026 को तथा रग्बी (पुरुष एवं महिला) प्रतियोगिता 19 व 20 फरवरी को आयोजित होगी। सभी प्रतियोगिताएं विश्वविद्यालय के खेल परिसर में होंगी।

## विश्व शांति, मानव चेतना व सनातन धर्म पर सार्थक चर्चा

# सांपला में समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया और बाबा कालिदास का आध्यात्मिक मिलन

- कार्यक्रम में दीक्षा प्रदान करने पहुंचे सिद्धार्थ औलिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



समर्थगुरु धारा मुरथल, सोनीपत के भागीरथ समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया हिसार प्रवास के दौरान सांपला में श्री श्री 1008 बाबा कालिदास से एक विशेष आध्यात्मिक मुलाक़ात हेतु पहुंचे। लगभग एक घंटे तक चली इस भेंट में विश्व शांति, मानव चेतना के विस्तार एवं सनातन धर्म के सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन एवं सार्थक चर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि दो वर्ष पूर्व समर्थगुरु धाम, मुरथल में आयोजित संत समागम में बाबा कालिदास ने सहभागिता की थी। उस अवसर पर उन्होंने अपने ओजस्वी आशीर्वचनों से ओशोधारा के साधकों को भावविभोर एवं अनुग्रहित किया था तथा तभी समर्थगुरु को सांपला आगमन का स्नेहपूर्ण आमंत्रण दिया था। इस आध्यात्मिक भेंट के उपरांत समर्थगुरु सिद्धार्थ औलिया हिसार में आयोजित एक ऐतिहासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम में ओंकार दीक्षा प्रदान करने हेतु हिसार पहुंचे। इस कार्यक्रम को लेकर सिद्धार्थ ध्यान योग 2121 से जुड़े साधकों में विशेष उत्साह एवं आध्यात्मिक उल्लास देखने को मिल रहा है। ओशोधारा के प्रेस मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप नैन ने जानकारी देते हुए कहा कि यह भेंट आध्यात्मिक ऊर्जा का एक अद्भुत संगम रही।

### वरिष्ठ नागरिकों व दिव्यांगों ने सहायक उपकरण के लिए करवाया पंजीकरण



**महम।** नगर पालिका कार्यालय महम में वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों को सहायक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए पंजीकरण शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन भारत सरकार की एलिम्को टीम द्वारा लगाया गया। शिविर के आयोजक नगर पालिका के वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों की जांच की गई। जिस भी व्यक्ति को जिस भी प्रकार के सहायक उपकरण की जरूरत है, उसको निशुल्क उपलब्ध करवाया जाएगा। पंजीकृत लोगों को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम द्वारा वाकर, व्हील चेयर, कान की मशीन, छड़ी, सरवाइकल कॉलर, बैटरी द्वारा चालित ट्राइ साइकिल, पहिया कुर्सी, वैसाखी आदि दिए जाएंगे। इस अवसर पर नगर पालिका सचिव नवीन नांदल, पालिका अभियंता अशोक हुड्डा, नपा वाइस चेयरमैन बसंत लाल गिरधर, आदि मौजूद रहे।

### शीतला पब्लिक स्कूल में चित्रकला से सीटबेल्ट-हेलमेट का महत्व समझाया



**रोहतक।** सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत शुक्रवार को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण शीतला पब्लिक स्कूल में सीटबेल्ट/हेलमेट पहनें और जीवन बचाएं विषय पर चित्रकला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सड़क सुरक्षा से जुड़े संदेशों को चित्रों से प्रस्तुत किया। साथ ही सभी विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित कैलेंडर एवं पेम्फलेट वितरित किए गए। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस रोहतक एवं इंस्टीट्यूट ऑफ ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च रोहतक की टीम भी उपस्थित रही। अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को यातायात नियमों, हेलमेट व सीटबेल्ट के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम में परिवहन निरीक्षक जसबीर सिंह, परिवहन उप-निरीक्षक संदीप गुलिया, सहायक उप-निरीक्षक राजेश व आईडीटीआर रोहतक से प्रवीण विशेष रूप से मौजूद रहे।

### बीपीसीएल ने बताए पीएनजी के पर्यावरण अनुकूल लाभ

- 24 घंटे निर्बाध आपूर्ति की होगी सुविधा

**रोहतक।** भारत पट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) द्वारा शुक्रवार को लोगों पीएनजी के लाभ बारे में बताया। इस समय पीएनजी ड्राइव 2.0 के अंतर्गत कंपनी द्वारा विभिन्न जन-जागरूकता गतिविधियां निरंतर रूप से की जा रही हैं। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल ऊर्जा के प्रति जागरूक करना है। ड्राइव 2.0 के अंतर्गत की निरंतरता में लगातार कंपनी द्वारा कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जनजागरूकता को बढ़ाने के लिए बस स्टैंड पर एलईडी स्क्रीन के माध्यम से पीएनजी एवं सीएनजी से संबंधित जागरूकता वीडियो का प्रसारण किया गया। आम नागरिकों को पीएनजी और सीएनजी की उपयोगिता, सुरक्षा एवं विश्वसनीयता के बारे में जानकारी के लिए पंपलेट बांटे। क्षेत्रीय प्रबंधक उत्तम मिंज ने कहा कि पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के मुख्य लाभों में चौबीस घंटे निर्बाध आपूर्ति, उच्च सुरक्षा के कारण जल्दी फैलती है।


MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS

- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर
DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE


## हनुमान को अति प्रिय है सिंदूर, इसलिए करते हैं अर्पित

# संकट मोचन मंदिर के 25वें वार्षिकोत्सव पर मधुर वाणी से हनुमान कथा का दिव्य वर्णन

- भगवान हनुमान के जन्म का उद्देश्य राम भक्ति था और जीवन भर उन्होंने श्रीराम की सेवा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

माता दरवाजा स्थित संकट मोचन मंदिर में चल रहे 5 दिवसीय 25वें वार्षिकोत्सव के तीसरे दिन शुक्रवार को श्रद्धा व भक्तिभाव के साथ श्री हनुमान कथा का आयोजन हुआ। गद्दीनशीन साध्वी मानेश्वरी देवी ने गणेश वंदना के साथ दोपहर 3 बजे से अपनी मधुर वाणी में हनुमान जी की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान हनुमान के जन्म का उद्देश्य राम भक्ति था और जीवन भर उन्होंने श्रीराम की सेवा की। मुख्य अतिथि दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के वाइस चांसलर डॉ. अमित आर्य ने ज्योत प्रचंड की। समाजसेवी वीरेंद्र ने जरूरतमंद बच्चों को स्टेशनरी वितरित की। साध्वी मानेश्वरी देवी ने सिंदूर चढ़ाने की प्रचलित कथा सुनाते हुए बताया कि हनुमान जी को सिंदूर अति प्रिय है, इसलिए हर मंगलवार उन्हें सिंदूर अर्पित किया जाता है। कार्यक्रम में पंडित अशोक शर्मा ने आरती की



रोहतक। श्री हनुमान कथा में पूजा अर्चना करते दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स के वाइस चांसलर डॉ. अमित आर्य।

## संवेदनशीलता विकसित करने पर छात्रों को किया जागरूक

# निबंध लेखन में साक्षी ने पाया प्रथम स्थान कुनाल द्वितीय और वंशिका रही तृतीय

- श्री लालनाथ हिंदू कॉलेज में एंटी लेप्रोसी दिवस पर विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



श्री लालनाथ हिंदू महाविद्यालय के विज्ञान विभाग द्वारा एंटी लेप्रोसी दिवस के उपलक्ष्य में पीपीटी प्रेजेंटेशन, निबंध लेखन एवं स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सामाजिक संवेदनशीलता विकसित करना रहा। निबंध लेखन प्रतियोगिता में साक्षी (बीएससी तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कुनाल (बीएससी प्रथम वर्ष) द्वितीय और वंशिका (बीएससी प्रथम वर्ष) तृतीय स्थान पर रहीं। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में नज़र (बीएससी प्रथम वर्ष) ने प्रथम, राघव (बीबीए तृतीय वर्ष) ने द्वितीय तथा रितिका एवं महेश (बीएससी प्रथम वर्ष) ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान हासिल किया।

पीपीटी प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में चित्रा (बीएससी प्रथम वर्ष) प्रथम स्थान पर रहीं। अभिषेक और महेश ने द्वितीय तथा नज़र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चिंकी और पायल को सांत्वना पुरस्कार से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रश्मि छाबड़ा, डॉ. पूजा चावला, डॉ. मीनाक्षी गुगनानी और डॉ. अंजू देसवाल ने निभाई। कार्यक्रम संयोजिका डॉ. पूजा चावला ने सभी विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीएमयू में राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस पर विद्यार्थियों ने पोस्टरों से जगाई अलख

# स्वच्छता केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी : डॉ. सुधीर मलिक

स्वच्छ भारत, कचरा प्रबंधन को रचनात्मक ढंग से किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में सांस्कृतिक समिति द्वारा यूजीसी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप भूगोल विभाग में राष्ट्रीय स्वच्छता दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डी.एस.डब्ल्यू. डॉ. सुधीर मलिक के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने स्वच्छता, साफ-सफाई, पर्यावरण संरक्षण और स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े विषयों पर प्रभावशाली पोस्टर तैयार किए। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने रंगों, चित्रों और संदेशात्मक शब्दों के माध्यम से यह दर्शाया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत आदत नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है। पोस्टरों में स्वच्छ भारत, कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक मुक्त वातावरण, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता जैसे मुद्दों को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया गया। कुलपति डॉ. बीएम यादव ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां छात्रों की सृजनात्मक क्षमता को निखारने के साथ-साथ उन्हें सामाजिक विषयों से जोड़ने का कार्य करती हैं।



### छात्रों को किया प्रेरित

उन्होंने कहा कि कला के माध्यम से दिया गया संदेश समाज पर गहरा प्रभाव डालता है और युवा पीढ़ी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में डॉ. प्रदीप शर्मा एवं डॉ. सुमन राठी का विशेष योगदान रहा। उन्होंने छात्रों को प्रतियोगिता के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया और उन्हें नए विचारों के साथ पोस्टर बनाने के लिए प्रेरित किया। निर्णायक मंडल के सदस्य डॉ. प्रवेश, डॉ. सुशील कुमार एवं डॉ. हरि ओम ने विद्यार्थियों की रचनात्मक सोच, प्रस्तुति और विषय की समझ के आधार पर पोस्टरों का मूल्यांकन किया।


**सूचना**

हम चाँद पुत्र श्री प्रताप व कान्ता पत्नी श्री चाँद निवासी गाँव बहलबा, तह. महम, जिला रोहतक बयान करते हैं कि हमारा पुत्र अजय हमारे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये हम इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते हैं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारी व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**सूचना**

मैं, सुमित्रा पत्नी सतपाल निवासी नजदीक गीता भवन मंदिर महम, तह. जिला रोहतक बयान करती हूं कि मेरा पुत्र शुभम व पुत्रवधु शिवानी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**ग्राम पंचायत खैरड़ी**
**हलका कलानौर, ब्लॉक कलानौर, जिला रोहतक, हरियाणा**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खैरड़ी के 3 तालाबों जो इस प्रकार हैं।

| तालाब का नाम | अनुमानित वार्षिक कीमत |
|---|---|
| 1. जौंसर वाला तालाब | 50000/- |
| 2. डौभी वाला तालाब | 70000/- |
| 3. गुहिया वाला तालाब | 60000/- |

उक्त तालाबों की बोली दिनांक 02.02.2026 को 3:00 PM बजे रविदास चौपाल में सरेआम कराई जाएगी। जिसकी जमानत राशि 50000/- रूपये होगी। बोली छूटने के उपरांत पूरी राशि मौके पर जमा कराई जाएगी। बाकी शर्ते मौके पर बता दी जाएगी।

ग्राम सचिव
मो. नं. 7015768126

हस्ता/-सरपंच
ग्राम पंचायत
खैरड़ी (रोहतक) मो. नं. 8059380055

## शहर में आज

⏭ शहीद भगत सिंह क्रिकेट क्लब व सुगनी देवी फाउंडेशन क्लब के बीच मैच विश्वकर्मा क्रिकेट मैदान में सुबह 11 बजे

⏭ आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर 10 बजे

## बिजली कट

⏭ दो घंटे के लिए सब्जी मंडी चौक, गुलाब रेवड़ी चौक, चमेली मार्केट, कसाई चोक, कच्चा बेरी रोड, इंदिरा मार्केट, रेलवे रोड ,गौड़ कॉलेज बाबरा चौक और मालगोदाम रोड की बिजली रहेगी बाधित

## खबर संक्षेप

### एमडीयू ने परीक्षा परिणाम जारी किया

**रोहतक।** महर्षि दयानन्द विवि. ने सर्टिफिकेट कोर्स इन नेचुरल फार्मिंग तथा पीजी डिप्लोमा इन नेशनल एंड साइबर के दूसरे सेमेस्टर की परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि ने बताया कि परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा।

### फ्लैट बुकिंग की प्रक्रिया हो चुकी है शुरूः उपायुक्त

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों के लिए फ्लैट बुकिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। योजना के तहत जिले में लगभग 231 पात्र लाभार्थियों को चिन्हित किया गया है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी आवास योजना के तहत फ्लैट बुकिंग की प्रक्रिया गत 29 जनवरी से शुरू हो चुकी है। आवेदकों की सूची एवं उपलब्ध फ्लैटों का विवरण हाउसिंग फॉर ऑल विभाग की वेबसाइट https://hfa.haryana.gov.in पर उपलब्ध है।

# सोशल मीडिया से भी बड़ी चुनौती है एआई, बढ़ते गन कल्चर को रोकने के लिए पुलिस का एक्शन प्लान तैयार : डीजीपी

### कानून व्यवस्था को लेकर आईजी और एसपी स्तर के अधिकारियों ने बैठक में किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अजय सिंघल ने कानून व्यवस्था को लेकर आईजी और एसपी स्तर के अधिकारियों के साथ अहम बैठक की। इस दौरान उन्होंने बदलते अपराध के स्वरूप, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से जुड़ी चुनौतियों, गैंगस्टर गतिविधियों, नशे और सोशल मीडिया पर बढ़ते गन कल्चर पर विस्तार से चर्चा की। डीजीपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्राइम का रास्ता आखिर में जेल जाकर ही खत्म होता है और युवाओं को इसी दिशा में जागरूक करना पुलिस की प्राथमिकता है। डीजीपी अजय सिंघल ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पुलिस के सामने समय के साथ नई-नई चुनौतियां आ रही हैं। पहले सोशल मीडिया बड़ी चुनौती था, अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अगला बड़ा चैलेंज बनने जा रहा है। एआई के माध्यम से फर्जी वीडियो, आवाज और धमकी जैसे अपराध बढ़ने की आशंका है। इसे देखते हुए हरियाणा पुलिस एआई से निपटने के लिए एक विस्तृत और तकनीकी एक्शन प्लान तैयार कर रही है। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे तकनीक बदलती है, वैसे-वैसे पुलिस के काम करने के तरीके भी बदलते हैं। पुलिस अब पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक तकनीक को अपनाकर अपराध पर नियंत्रण करेगी।



रोहतक। सीसीटीएनएस लैब का उद्घाटन करते डीजीपी अजय सिंघल। फोटो : हरिभूमि

### नशे के खिलाफ ठोस प्लान बनाया

डीजीपी ने कहा कि सूखे नशे को लेकर पुलिस बेहद गंभीर है। नशे का नेटवर्क काफी फैल चुका है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस पर काम कर रही हैं। हरियाणा पुलिस ने नशे के खिलाफ ठोस एक्शन प्लान बनाया है और लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### पुलिस लाइन में किया व्यवस्थाओं का निरीक्षण

रोहतक पहुंचने पर डीजीपी अजय सिंघल को पुलिस की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और अधिकारियों के साथ बैठक की। डीजीपी ने पुलिस लाइन में अपराध और अपराधी ट्रैकिंग नेटवर्क एवं सिस्टम लैब का उद्घाटन भी किया। इसके बाद एसपी कार्यालय पहुंचकर कानून व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

### प्रदेश के गैंग नेटवर्क तोड़ रही पुलिस

डीजीपी बोले- गैंगस्टर की चुनौती पूरे प्रदेश में है। आज तकनीक का इस्तेमाल कर लोगों को फोन और सोशल मीडिया के जरिए धमकियां दी जा रही हैं। हालांकि पुलिस की सख्त रणनीति के चलते धमकी के मामलों में करीब 40 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक 25 गैंगस्टरों को डिपोर्ट किया जा चुका है, जबकि 2 गैंगस्टरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई प्रक्रिया में है। पुलिस लगातार गैंग नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में काम कर रही है।


### अपराध का अंत केवल जेल में

डीजीपी ने कहा कि जिन गांवों और इलाकों में अपराध और गैंगस्टर गतिविधियां ज्यादा हैं, उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। वहां विशेष जागरूकता अभियान चलाकर युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। युवाओं को यह समझाना जरूरी है कि अपराध का रास्ता तात्कालिक आकर्षण भले दे, लेकिन उसका अंत सिर्फ जेल में होता है। डीजीपी ने सोशल मीडिया पर बढ़ते गन कल्चर को भी गंभीर चुनौती बताया। उन्होंने कहा कि गानों और वीडियो के जरिए हथियारों और हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह युवाओं पर गलत असर डाल रहा है। पुलिस ने अब तक 67 गन कल्चर को प्रमोट करने वाले गानों पर प्रतिबंध लगवाया है। अब पुलिस नए चैलेंज के हिसाब से अपनी रणनीति बना रही है।

# गड्ढों में फंसा शहर का मुख्य मार्ग, राजीव गांधी स्टेडियम से वीटा चौक तक सड़क बदहाल

## एक साल पहले बनी सड़क फिर टूटी, खिलाड़ियों व वाहन चालकों की बढ़ी परेशानी

### यह मार्ग केवल शहर के अंदरूनी आवागमन के लिए ही नहीं, बल्कि चंडीगढ़ और हिसार जाने वाला मुख्य मार्ग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राजीव गांधी स्टेडियम से वीटा चौक तक जाने वाली सड़क इन दिनों बुरी हालत में पहुंच चुकी है। करीब एक साल पहले बनी यह सड़क अब दोबारा से जगह-जगह टूटने लगी है और पूरे मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे हैं।

शहर के सबसे व्यस्त और महत्वपूर्ण मार्गों में शामिल इस सड़क की खराब हालत के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यह मार्ग केवल शहर के अंदरूनी आवागमन के लिए ही नहीं, बल्कि चंडीगढ़ की ओर जाने वाला मुख्य रास्ता भी है। इसी सड़क से होकर दिल्ली, भिवानी और हिसार की तरफ जाने वाले वाहन गुजरते हैं। दिनभर यहां भारी ट्रैफिक रहता है, लेकिन सड़क की बदहाली के चलते आए दिन जाम और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। स्थानीय लोगों और वाहन चालकों का कहना है कि रात के समय हालात और भी खतरनाक हो जाते हैं। कई बार सड़क की स्ट्रीट लाइटें तक नहीं जलाई जातीं, जिससे गड्ढे नजर नहीं आते। अचानक सामने गड्ढा आने पर वाहन चालकों को एकदम से ब्रेक लगाने पड़ते हैं, जिससे पीछे से आ रहे वाहनों के टकराने का खतरा बना रहता है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क जोखिम से कम नहीं है।

### दोबारा हो निर्माण

स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने सवाल उठाया है कि जब सड़क को सिर्फ एक साल पहले बनाया गया था, तो उसकी हालत इतनी जल्दी कैसे खराब हो गई। लोगों ने मांग की है कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच कराई जाए और जिम्मेदार एजेंसी पर कार्रवाई हो। साथ ही इस पूरे मार्ग का स्थायी और मजबूत निर्माण कराया जाए।

### उड़ती रहती है धूल

सड़क टूटने से केवल गड्ढे ही नहीं बने, बल्कि जगह-जगह से धूल उड़ती रहती है। इससे आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि धूल के कारण सामान ढककर रखना पड़ता है और ग्राहक भी कम आने लगे हैं। बारिश के समय यही गड्ढे पानी से भर जाते हैं, जिससे स्थिति और भी खराब हो जाती है।

### हजारों खिलाड़ियों का रोजाना आवागमन

■ धूल के कारण आंखों में जलन और सांस संबंधी परेशानी तक हो रही

इस मार्ग की अहमियत इसलिए भी ज्यादा है क्योंकि इसी रास्ते से रोजाना हजारों खिलाड़ी और आम नागरिक भी राजीव गांधी स्टेडियम आते-जाते हैं। सुबह और शाम के समय खिलाड़ियों, कोचों और खेल प्रेमियों का लगातार आवागमन रहता है। सड़क पर गड्ढों और उड़ती धूल के कारण खिलाड़ियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई खिलाड़ी बताते हैं कि धूल के कारण आंखों में जलन और सांस संबंधी परेशानी तक हो रही है।



रोहतक। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह को मिठाई खिलाते हुए विभिन्न पदों पर पदोन्नत हुए कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# एमडीयू में दस गैर-शिक्षक कर्मचारियों को मिली पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में शुक्रवार को गैर-शिक्षक कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की गई। कुल 10 कर्मचारियों को विभिन्न पदों पर पदोन्नत किया गया।

पदोन्नत कर्मचारियों को गैर-शिक्षक संघ की मौजूदगी में स्थापना शाखा द्वारा विधिवत प्रमोशन लेटर सौंपे गए। इस अवसर पर गैर-शिक्षक संघ के प्रधान सुरेश कौशिक, पूर्व प्रधान फूलकुमार बोहत समेत अन्य पदाधिकारियों ने पदोन्नति प्रक्रिया को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन, कुलपति एवं कुलसचिव का आभार व्यक्त किया। कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति में गैर-शिक्षक कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि विश्वविद्यालय में नियमों के अनुरूप पारदर्शी प्रक्रिया अपनाते हुए पदोन्नतियां की गई हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि पदोन्नत कर्मचारी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और दक्षता के साथ करेंगे।

### इनका ओहदा बढ़ा

पदोन्नत होने वालों में मीना सपरा को डिप्टी रजिस्ट्रार, मंजू सैनी को सहायक रजिस्ट्रार, फूल कुमार, कुमार बोहत एवं धूप सिंह को अधीक्षक, मदन मोहन एवं सुरेश शर्मा को डेप्युटी अधीक्षक, चांद सिंह को जूनियर लैब अटेंडेंट, पुष्पलता को सीनियर लाइब्रेरी अटेंडेंट तथा राम कुमार और रामप्रसाद को हेड स्वीपर के पद पर पदोन्नत किया गया।

*राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यशाला का आयोजन*

# आधुनिक डाटा एनालिटिक्स एवं मशीन लर्निंग की जानकारी दी

■ प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

राजकीय महिला महाविद्यालय में डाटा एनालिटिक्स एवं मशीन लर्निंग वेका एवं पाइथन के माध्यम से एक व्यावहारिक दृष्टिकोण विषय पर राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को आधुनिक डाटा एनालिटिक्स एवं मशीन लर्निंग तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करना था। हरियाणा एवं समीपवर्ती राज्यों से आए शिक्षकों, शोधार्थियों एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों ने इसमें भाग लिया। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. निशा मलिक द्वारा किया गया तथा संयोजक डॉ. सुमन अहलावत रहीं। बतौर मुख्य अतिथि प्रो. राजेंद्र सिंह छिल्लर ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार व मुख्य वक्ता प्रो. राहुल ऋषि ने शिरकत की। कार्यशाला में डॉ. राहुल भाटिया एआई प्रशिक्षक एमएसएमई टेक्नोलॉजी सेंटर रोहतक ने पाइथन आधारित डाटा एनालिटिक्स एवं मशीन लर्निंग पर सत्र लिया। समापन सत्र में प्राचार्य शमशेर सिंह हुड्डा ने डॉ. सुदेश लाठर प्राचार्य राजकीय महाविद्यालय जसिया को सम्मानित किया




रोहतक। आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि प्रो. राहुल ऋषि का स्वागत करते प्राचार्य शमशेर सिंह हुड्डा व अन्य प्रोफेसर। फोटो : हरिभूमि

# पटवारियों को निलंबित किए जाने के विरोध में दिया धरना

**रोहतक।** गिरदावरी कार्य में कथित अनियमितताओं के आरोप में 6 पटवारियों को निलंबित किए जाने के विरोध में शुक्रवार को राज्य कार्यकारिणी के दिशा-निर्देशानुसार जिला पटवार भवन में सभी पटवारियों व कानूनगो ने सांकेतिक धरना दिया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि पिछले दिनों 6 पटवारियों को गलत तरीके से सस्पेंड कर दिया था। इस संबंध में राज्य कार्यकारिणी ने सरकार से मिलकर अपना पक्ष रखने और निलंबन वापस लेने की मांग की थी, लेकिन सरकार की ओर से न तो बातचीत का समय दिया गया और न ही साथियों को बहाल किया गया। उन्होंने कहा कि 1 फरवरी तक निलंबित पटवारियों की बहाली नहीं होती है और एसोसिएशन को बातचीत का समय नहीं मिलता, तो आंदोलन तेज किया जाएगा। राज्य कार्यकारिणी के आदेशानुसार 2 फरवरी से अगले तीन दिन तक पूरे हरियाणा में सांकेतिक धरना दिया जाएगा।



*उपायुक्त ने प्लेसमेंट को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए*

# विद्यार्थियों को मार्केट की मांग के अनुरूप निपुण बनाया जाए : डीसी

■ आईटीआई विद्यार्थियों को उद्यमी बनाना प्रशासन का मुख्य उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि इन विद्यार्थियों को नौकरी ढूंढने वाले नहीं बल्कि अन्य युवाओं को भी रोजगार देने वाले उद्यमी बनाया जाये। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने वाले विद्यार्थियों को मार्केट की मांग के अनुरूप निपुण बनाया जाये ताकि वे संस्थानों से निकलकर अपनी आजीविका कमाने में सक्षम हो सके। डीसी शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में नगर निगम तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने इन संस्थानों के प्राचार्यों को निर्देश देते हुए कहा कि इन संस्थानों में शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को प्रैक्टिकल ज्ञान देकर मार्केट के लिए निपुण करें। उन्होंने कहा कि प्राचार्य महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय से भी समन्वय स्थापित करें तथा संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत उच्च शिक्षा ग्रहण करने के इच्छुक विद्यार्थियों का विश्वविद्यालय के दूरस्थ शिक्षा निदेशालय में दाखिला दिलवाने में भी मदद करें। डीसी ने कहा कि अधिकारी संस्थान के नजदीक स्थित निजी व सरकारी विद्यालयों में भी विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा के बारे में जागरूक करें। व्यावसायिक शिक्षा देने का उद्देश्य यही है कि विद्यार्थी अपनी शिक्षा ग्रहण करने के दौरान ही अपनी ट्रेड में पूरी तरह निपुण हो सके तथा मार्केट में आजीविका कमाने में सक्षम हो सके।




रोहतक। लघु सचिवालय स्थित सभागार में नगर निगम तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्राचार्यों की बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता । फोटो : हरिभूमि

## पीजीआई में नॉर्थ जोन एनेस्थीसिया सम्मेलन का भव्य आगाज

*पीजीआई निदेशक डॉ. सिंघल ने भी की शिरकत*

# यूएसजी गाइडेड नर्व ब्लॉक ऑपरेशन के बाद दर्द को करती है नियंत्रित : डॉ. जतिन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के निश्चेतन (एनेस्थीसियोलॉजी) विभाग द्वारा पीजीआई में शुक्रवार से 1 फरवरी 2026 तक आयोजित नॉर्थ जोन 21वीं एनजेड-आईएसएसीओएन (इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट्स – नॉर्थ जोन) सम्मेलन का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ हुआ।

सम्मेलन के पहले दिन आयोजित वर्कशॉप की शुरुआत पीजीआई के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. सिंघल ने दीप प्रज्वलित कर की। डॉ. एस.के. सिंघल ने बताया कि पहले दिन कुल 10 अलग-अलग स्थानों पर वर्कशॉप आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों को विभिन्न आधुनिक एनेस्थीसिया तकनीकों पर हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि इस सम्मेलन में देश-विदेश से करीब 500 एनेस्थीसियोलॉजिस्ट पंजीकरण करवा चुके हैं, जो इसे एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक मंच बनाता है। प्रोफेसर डॉ. जतिन लाल ने कहा कि आधुनिक यूएसजी (अल्ट्रासाउंड) गाइडेड नर्व ब्लॉक तकनीक ऑपरेशन के बाद होने वाले दर्द को सटीकता से नियंत्रित करने में बेहद कारगर साबित हो रही है।



रोहतक। वर्कशॉप में जानकारी देते पीजीआई के निदेशक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. एस.के. सिंघल। फोटो : हरिभूमि

### बार-बार इंजेक्शन की जरूरत नहीं पड़ती

डॉ. एस.के. सिंघल ने बताया कि नर्व ब्लॉक के माध्यम से मरीजों को लंबे समय तक दर्द से राहत मिलती है और बार-बार दर्द निवारक इंजेक्शन लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। इससे सर्जरी अधिक सुरक्षित बनती है और मरीज की रिकवरी भी तेज होती है। एनेस्थीसिया के क्षेत्र में अल्ट्रासाउंड अब तेजी से एक मानक उपचार पद्धति बनता जा रहा है। एनेस्थीसियोलॉजी विभाग की डॉ. टीना बंसल ने बताया कि अल्ट्रासाउंड से नर्व ब्लॉक करने पर सटीकता कई गुना बढ़ जाती है और इसका असर मरीज को तुरंत राहत देने वाला होता है। उन्होंने कहा कि नर्व ब्लॉक से क्रोनिक दर्द में कमी आती है।

## सुपवा निर्मित फिल्म की होगी स्क्रीनिंग, दुनिया की 150 चयनित फिल्मों में बनाई जगह

# बुसान शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में 'लाइफ ऑन द एज' दिखाएगी लॉकडाउन में परिवार का संघर्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा) के लिए यह गर्व का क्षण है कि यूनिवर्सिटी की ओर से निर्मित शॉर्ट फिल्म 'लाइफ ऑन द एज' का चयन प्रतिष्ठित 43वें बुसान इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल (बीआईएसएफएफ) के लिए किया गया है। यह अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव दक्षिण कोरिया में 23 अप्रैल से शुरू होगा, जहां इस फिल्म की स्क्रीनिंग की जाएगी।

सुपवा के फिल्म एवं टेलीविजन विभाग के एफसी महेश टीपी ने बताया कि 'लाइफ ऑन द एज' का चयन एशिया कैटेगिरी के शॉर्ट फिल्म वर्ग में हुआ है। यह फिल्म लॉकडाउन के दौरान एक साधारण परिवार के सामाजिक और आर्थिक संघर्षों को संवेदनशीलता के साथ दर्शाती है। फिल्म में महामारी के समय आमजन के सामने आई चुनौतियों, सीमित संसाधनों और मानसिक दबाव को यथार्थ रूप में प्रस्तुत किया गया है। खास बात यह है कि इस शॉर्ट फिल्म का निर्माण डीएलसी सुपवा के छात्रों द्वारा किया गया है। इसी बीच, दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स परिसर में शुक्रवार को देश के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखा गया। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा, फैकल्टी सदस्य, टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टाफ तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



रोहतक। शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन रखते दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा) के यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. अमित आर्य, रजिस्ट्रार डॉ. गुंजन मलिक मनोचा व अन्य विद्यार्थी।

### स्वतंत्रता संग्राम में गांधी के योगदान को किया याद

कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, उनके संघर्ष और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, ज्ञात-अज्ञात सभी स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए उनके योगदान को जीवनभर स्मरण रखने का संकल्प लिया गया। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने कहा कि सुपवा न केवल कला और सिनेमा के क्षेत्र में बल्कि राष्ट्रप्रेम और सामाजिक मूल्यों के संवर्धन में भी निरंतर अग्रसर है।